

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें
https://dainikyashonnati.com

वर्ष 8+15 अंक 15 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शुक्रवार 05 मई 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## वर-वधु को मंडप में ही 49 हजार का चेक उपलब्ध कराया जाये - मु यमंत्री

भोपाल - मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मु यमंत्री कन्यादान योजना में जिस दिन शादी हो, वर-वधु को उस दिन ही मंडप में 49 हजार रूपए का चेक उपलब्ध कराया जाये। नव-विवाहिताओं को राशि प्रदान करने में किसी भी स्थिति में विलंब न हो। प्रत्येक जरूरतमंद दिव्यांग को उसकी आवश्यकता के अनुसार उपकरण उपलब्ध कराए जाएँ। इसके लिए विकास खण्ड स्तर पर शिविर लगाए जाएँ। संबल योजना में दिव्यांगजन को लाभान्वित करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। राज्य शासन द्वारा शीघ्र ही दिव्यांगजन को तीर्थ कराने की व्यवस्था की जाएगी। मु यमंत्री श्री चौहान पिछली मंत्रि-परिषद की बैठक के बाद हुई चर्चा के बिंदुओं पर की गई कार्यवाही की समीक्षा कर रहे थे।

## मु यमंत्री जन सेवा अभियान 10 मई से

भोपाल -मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि स पूर्ण प्रदेश में 10 से 25 मई तक मु यमंत्री जन-सेवा अभियान का द्वितीय चरण संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 10 मई को अलीराजपुर से होगा। हमारा उद्देश्य है कि जन-सामान्य की कोई समस्या शेष न रहे और सीएम हेल्प लाइन में दर्ज सभी शिकायतों का निराकरण किया जाये। मंत्री, जन-प्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी सेवा-भाव से अभियान में अपना योगदान दें, लोगों की समस्याओं का समाधान करें और प्रदेशवासियों को रामराज्य का एहसास हो, तो ही हम सबको अपने दायित्वों के शत-प्रतिशत निर्वहन का संतोष होगा।

## आईटीआई उत्तीर्ण लाइनमेन को 1000 रूपये जोखिम भत्ता देने का आदेश जारी

भोपाल -ऊर्जा मंत्री प्रद्यु न सिंह तोमर ने बताया है कि आउटसोर्स के माध्यम से विद्युत वितरण क पनियों में नियोजित आईटीआई उत्तीर्ण लाइनमेन के लिये जोखिम भत्ता देने का आदेश जारी कर दिया गया है। इन्हें श्रम आयुक्त द्वारा कुशल वर्ग के श्रमिकों के लिये लागू प्रतिमाह वेतन के अतिरिक्त एक हजार रूपये का जोखिम भत्ता दिया जायेगा। इस अतिरिक्त राशि पर किसी प्रकार का सेवा शुल्क देय नहीं होगा।

आईटीआई उत्तीर्ण तथा वितरण क पनी में आउटसोर्स से नियोजित श्रमिकों को विद्युत वितरण क पनियों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने एवं इस संबंध में आयोजित परीक्षा उत्तीर्ण करने पर इस वर्ग में नियोजन की पात्रता होगी।

## जबरन नॉलेज




# बूथों की मजबूती ही हमारा एकमात्र लक्ष्य - हितानंद शर्मा

## भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री ने संगठनात्मक बैठक ली

सिवनी यशोः- बूथों पर पार्टी की योजना के अनुसार 51 प्रतिशत वोट शेयर करने की दृढ़ इच्छाशक्ति से काम करना है प्रदेश में हमारी पुनः सरकार बने इसके लिये पूर्ण समर्पण के साथ हर कार्यकर्त्ता की भागीदारी सुनिश्चित कर टीम भावना से करना है । प्रदेश और केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करे और हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये हमारे सार्थक प्रयास होना चाहिये । कलस्टर बनाकर पूरी टीम के साथ व्यापक संपर्क और संगठन की मजबूती के लिये कार्य सुनिश्चित करें । उक्ताशय के विचार



प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी शर्मा ने अपने सिवनी जिले के प्रवास के दौरान मधुरम पैलेस में जिले के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक में व्यक्त किये ।


भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी शर्मा गुरूवार को सिवनी जिले के प्रवास थे इस दौरान उन्होंने जिले के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक लेकर संगठनात्मक विषयों और कार्य विस्तार पर चर्चा की । श्री शर्मा ने कहा कि जिले के बूथ विस्तारक अभियान -2 की समीक्षा करते हुये जिले के समस्त बूथों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने के लिये निर्देशित करते हुये कहा कि हमें बूथ की मजबूती के लिये पूरी क्षमता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है और जिले की चारों विधानसभाओं पर जीत का परचम लहरना है । जिन बूथों में बूथ विस्तारक योजना -2 के अनुसार कार्य पूर्ण नहीं हुये है उन्हें शीघ्र पूर्ण करें और हर बूथ पर प्रदेश नेतृत्व द्वारा 22 प्रकार के करणी कार्यो को करें । श्री शर्मा ने कहा कि जिले में टीम भावना से कार्यो की पूर्णता सुनिश्चित की जाये विधानसभा क्षेत्रों में कलस्टर बनाकर कार्य करें और कार्यकर्त्ताओं का मनोबल बढाये । सरकार की जनकल्याण की योजनाओं का व्यापक प्रचार करने के साथ योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों से संपर्क करें और उन्हें अपने साथ जोड़े । श्री शर्मा ने कहा कि मातृशक्ति के सशक्तिकरण के लिये प्रदेश सरकार द्वारा प्रारंभ की अभिनव योजना लाड़ली बहना का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुये मातृशक्ति के बीच महिला मोर्चा को कार्य करने के लिये योजनाएँ बनाये ।

इस बैठक में प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी सुश्री कविता पाटीदार जी,युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार, जिला संगठन के प्रभारी सतानंद गौतम, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया, वरिष्ठ भाजपा नेता वेद सिंह ठाकुर, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, जिला महामंत्री जयदीप सिंह चौहान, गजानंद पंचेश्वर, अजय डागोरिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप राय, जिला मंत्री श्रीनिवास मूर्ति उपस्थित रहे ।

# कांग्रेसी अध्यक्षीय परिषद की अवैध वसूली का कहर

सिवनी यशोः- कांग्रेस आम जनता से कितने भी लोकलुभावने वायदे करें परंतु सत्ता हाथ में आते ही लूट खसोट का काम प्रारंभ कर ही देती है आम जनता को इस पार्टी से कोई बेहतर उ मीद नहीं करना चाहिये यह आरोप भाजपा लगाये तो राजनैतिक आरोप समझा जा सकता है परंतु आम जनता और छोटे छोटे व्यापारी या गरीब जनता लगाये तो स्पष्ट समझ आता है कि जनता कांग्रेस से बुरी तरह प्रताड़ित है । सिवनी नगर पालिका चुनाव के समय कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा ईमानदारी से परिषद चलाने और जनता के हित में काम करने की वायदे किये गये थे परंतु सिवनी नगर पालिका में कांग्रेस अध्यक्षीय परिषद की सत्ता के बाद शहर की जनता नगर पालिका की भ्रष्ट गतिविधियों और जबरन वसूली से कितनी परेशान है यह बात कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जी के संज्ञान में भी है और वे इस विषय में कितने मजबूर है यह बात भी उनके एक वायरल वीडियों के माध्यम से जनता देख चुकी है ।

सिवनी नगर में कांग्रेस अध्यक्षीय परिषद के भ्रष्ट कारनामों की चर्चा




आये दिन सोशल मीडिया में सुर्खियों में रहती है । बिजली के सामान खरीदी का मामला हो या किसी कार्य के लिये परमीशन देने की बात हो या किसी खरीदी का मामला हो कमीशन का खुल्ला खेल चल रहा है । बड़े कालोनाईजरों और भूमाफियाओं से सांठगाँठ कर गरीबो के झोपड़े उजाड़ने के लिये कांग्रेस अध्यक्षीय परिषद किस तरह से षडयंत्र करती है वह दर्द झोपड़ पट्टी वासियों का पिछले दिनों सड़को पर दिख चुका है ।

कांग्रेस अध्यक्षीय परिषद में फुटपाथी व्यापारियों से अवैध वसूली इस समय चरम पर है । जानकारी के अनुसार नपा अध्यक्ष के लगे सगे लोगों द्वारा अस्थायी दखल का ठेका हाल ही में लिया गया है और इसकी वसूल निर्धारित निरकनामा से कई गुना अधिक की जा रही है । फुटपाथ व्यापारियों का कहना है कि उनसे पाँच रूपये की जगह मनमानी वसूली की जा रही है । पाँच रूपये की रसीद देकर उनसे अधिक की वसूली जबरन की जा रही है सोशल मीडिया में प्रसारित खबर के अनुसार 100 और 500 रूपये तक की राशि वसूली जा रही है जबकि 30 रूपये से कम किसी से भी नहीं लिया जा रहा है । अचानक इस तरह की वसूली से फुटपाथी व्यापारी बुरी तरह परेशान है परंतु वे बोल नहीं पा रहे है अन्यथा उनकी दुकान उठाकर फेंक दी जायेगी इस प्रकार की दादागिरी भी दिखाई जा रही है ।

सिवनी नगर पालिका क्षेत्र में चल रही इस प्रकार की जबरन वसूली छोटे व्यापारियों के लिये भारी मुसीबत का कारण बन रही है किसी दिन छोटे व्यापारियों का गुस्सा फूट कर सड़को पर आ सकता है ।

# ये सर्दी का नही मई के महीना हैं

## मौसम चक्र बदलने से मई की सुबह कोहरे में डूबी

छपारा यशोः- मई के महीने में सर्दी का अहसास, जानिए कब तक रहेगा मौसम का ये बदला मिजाजमई के महीने में जिले सहित नगर में बारिश की वजह से मौसम खुशनुमा हो गया है. गर्मी के मौसम में लोगों को सर्दी का अहसास हो रहा है.वही गुरुवार की सुबह कोहरे से लिपटी हुई नजर आई।



ज्ञात हो कि विगत कई दिनों से हो रही बारिश के चलते जहां अधिकतम तापमान में कमी आई तो वहीं मई के महीने में प्राकृतिक रूप से जहाँ बेहिसाब गर्मी रहती थी वही इस समय रात और सुबह के तापमान में जबरदस्त गिरावट देखी जा रही हैं जिससे लोगों को ठंड का अहसास हो रहा हैं, वही छपारा नगर में गुरुवार की सुबह जब लोगो ने उठकर देखा तो आश्चर्य का ठिकाना नही रहा जबरदस्त कोहरा चारों ओर फैल देखा गया जो कि लोगो ने आज तक इस गर्मी के मौसम में कभी देखने को नही मिला।वही नगर के आठ-नों दशक देख चुके बुजुर्गो से बात की तो उन्होंने भी बताया कि उनके पूरे जीवनकाल में मई महीने में ऐसा कोहरा नही देखा। शायद ऐसा मौसम चक्र गडबडाने की वजह से है।

**बारिश ने तोड़े सारे रिकॉर्ड**

मई के महीने में जहां लोगों को चिलचिलाती गर्मी का सितम झेलना पड़ता है,वहां इस बार बारिश ने अपने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं.

स पूर्ण जिले के साथ आसपास के जिलों में भी लगातार हो रही बारिश ने मौसम में जबरदस्त ठंडक देखी जा रही हैं, वही इस शादी विवाह के सीजन में लोगो को इस बारिश से अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा।किन्तु अभी लोगो को उ मीद है कि यदि मौसम साफ होता है तो मई और जून में जबरदस्त गर्मी पड़ सकती हैं जो कि फसल चक्र और प्राकृतिक संतुलन के लिए भी अति आवश्यक है।

# समर कैंप विद्यार्थी के सर्वागीण विकास में सहायक - पटेवार



सिवनी यशोः- सरस्वती शिशु/उ.मा.विद्यालय सिवनी में संचालित 10 दिवसीय समर कैंप के चतुर्थ दिवस के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए विद्याभारती मध्य क्षेत्र के उपाध्यक्ष श्री अरूण जी पटेवार ने समर कैंप की सराहना करते हुए इसे छात्रों के व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक बताया है। उन्होनें समर कैंप में चल रही विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता करते हुए छात्रों को मैजिक मैथ्स के महत्वपूर्ण बिन्दुओं से अवगत कराया। मैजिक मैथ्स के माध्यम से किस प्रकार कठिन से कठिन गणितीय अवधारणों को सरलता से हल किया जाता है उसे भी स्पष्ट किया।

उल्लेखनीय है कि शिशु मंदिर में क प्यूटर, मैजिक मैथ्स, स्पोकन इंग्लिश, कर्सिव राइटिंग, संगीत, मेंहदी, रंगोली, चित्राकला, मूर्तिकला, घोष, जूडो कराटे, कबड्डी, खो-खो आदि अनेक विधाओं का प्रशिक्षण नगर के श्रेष्ठतम प्रशिक्षक द्वारा किया जा रहा है। जिसमें क प्यूटर में कु. तमन्ना ठाकुर एवं सौरभ राय, योग में नरेश मिश्रा एवं भगवान दास आंधमान, स्पोकन इंग्लिश में श्रीमती रश्मि शर्मा एवं हिमांशु राय, मूर्तिकला में दिनेश ठाकुर, चित्रकला में आशु सदाफल जबकि मेंहदी में कु. प्रीति वर्मा आदि के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# वृद्ध आश्रम बाउंड्री वाल निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

सिवनी यशोः- दिनांक 03 मई 2023 को सिवनी नगर के सीवी रमन वार्ड सिवनी में वृध्दाश्रम के आस-पास बाउंड्रीबाल निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे नेता प्रतिपक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया लोकनिर्माण सभापति श्रीमति आकांक्षा शीबू सेंगर जी के करकमलों से किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप राय सोशल मीडिया प्रभारी आशीष सोनी वरिष्ठ कार्यकर्ता छेदीलाल समाजसेवी संरक्षक आलोक मालू सहित नगर पालिका के सहायक यंत्री संतोष तिवारी नपा कर्मचारी अंकुर दुबे कुंजु दुबे उपस्थित रहे। इसके पश्चात्



सभी के द्वारा वृद्ध आश्रम स्थित मंदिर में दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया गया।

# रेल से पूरा शहर खुश, दर्द से कराह रहा विवेकानंद वार्ड

## रेल्वे विभाग की उदासीनता से विवेकानंद वार्ड के निवासियों के घरों में घुस रहा नाले का पानी

**पार्षद ने सांसद से लगाई गुहार, सांसद ने कहा शीघ्र होगी कार्यवाही**

सिवनी यशोः- सिवनी नगरीय क्षेत्र के विवेकानंद वार्ड में नाले के किनारे निवास करने वाले रहवासियों के लिये नाले का सही बहाव नहीं होने से भारी मुसीबत उठाना पड़ रही है । जरा सी बारिश होने पर किनारे में रहने वाले व्यक्तियों के घरों में नाले का पानी भर जाता है वहाँ के निवासियों का रहना मुश्किल हो रहा है और परेशानी के कारण आमजनों में भारी आक्रोश का वातावरण बना हुआ है परंतु इस संबंध में सिवनी नगरपालिका प्रशासन भी मजबूर है और वह रेल्वे विभाग से कार्य कराने की अनुमति



न मिलने के कारण काम प्रारंभ नहीं करा पा रही है । विवेकानंद वार्ड के पार्षद राजेश राजू यादव ने बालाघाट सिवनी सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन को पत्र सौंपते हुये शीघ्र अनुमति दिलाये जाने की मांग की है । सांसद डॉ. बिसेन ने इस समस्या के निराकरण के लिये शीघ्र रेल्वे विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर नगर पालिका को नाला निर्माण की अनुमति दिलाने का आश्वासन दिया है ।

पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के कारण लक्ष्मी सनोडिया के घर के किनारें से बहने वाले नाले का पानी अनेक व्यक्तियों के घरों में भर रहा है और उनका गुस्सा नगर पालिका प्रशासन और स्थानीय पार्षद पर फूट रहा है वार्ड पार्षद राजेश राजू यादव से जब इस संबंध में चर्चा की गयी तो उन्होंने बताया कि इस नाले के निर्माण की प्राथमिकता से चिंता की जा रही है परिषद का अगस्त में कार्यकाल प्रारंभ होने के साथ ही 21 सितंबर को नाले के निर्माण के लिये मेरे प्रयास से प्रास्ताव पास हो चुका है और इसके निर्माण के लिये नगर पालिका द्वारा रेल्वे विभाग से अनुमति के लिये लगातार पत्र लिखे जा रहे है परंतु आज तक रेल्वे विभाग द्वारा पत्रों का कोई जबाव नहीं दिया गया । राजू यादव द्वारा बताया गया है कि नगर पालिका द्वारा नाले निर्माण की अनुमति के लिये रेल्वे विभाग को चार पत्र दिये जा चुके है पहला पत्र 22 नवंबर को दूसरा 18 जनवरी 23 को तीसरा 21 फरवरी को एवं चौथा पत्र 26 अप्रैल को लिखा गया है परंतु रेल्वे विभाग द्वारा सिवनी नगर पालिका द्वारा लिखे गये पत्रों का आज तक कोई जबाव नहीं दिया है जिसके कारण नाला निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है । यहाँ बता दे कि विवेकानंद वार्ड से होकर जाने वाले इस नाले की दुर्दशा रेल विभाग के विस्तारीकरण के दौरान हुये कार्य से हुई है । रेल्वे के निर्माण कार्य का मलबा इस नाले में भर गया है और नाला सकरा हो गया है जिससे नाले का बहाव धीमा हो गया है इस बहाव तेज करने के लिये नगरपालिका नाले का निर्माण करना चाहती है परंतु जिस भाग में यह निर्माण होना है उसका अधिकांश हिस्सा रेल्वे विभाग की सीमा में है जिसके लिये रेल्वे से अनुमति होना आवश्यक है परंतु रेल्वे विभाग की लचर कार्यशैली से वार्ड के निवासियों को भारी परेशानी हो रही है । रेल्वे से शीघ्र अनुमति के लिये पूर्व में पदस्थ डीआरएम को इस संबंध में राजेश राजू यादव पार्षद द्वारा पत्र भी दिया गया था जिन्होंने संयुक्त निरीक्षण कर अनुमति प्रदान करने की बात कही थी परंतु संयुक्त निरीक्षण के बाद भी आज दिनांक तक रेल्वे ने नाला निर्माण के लिये अनुमति प्रदान नहीं की है जिस के कारण स्थानीय निवासियों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है ।

उक्त समस्या के शीघ्र निराकरण के लिये राजेश राजू यादव पार्षद ने बालाघाट सिवनी सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन को पत्र सौंपते हुये शीघ्र अनुमति दिलाने का आग्रह किया है ।

## गांधी चौक-गणेश चौक-डूंडा सिवनी मार्ग भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित

**बस स्टैंड-पुलिस कंट्रोल रूम-रजवाड़ा होटल- जिला पंचायत बाईपास मार्ग का करना होगा उपयोग**

सिवनी यशोः- कले टर एवं जिला दंडाधिकारी क्षितिज सिंघल ने सिवनी नगरीय क्षेत्र के गांधी चौक-गणेश चौक-डूंडा सिवनी मार्ग के सकरा होने एवं यातायात में अधिक दबाव होने के कारण दुर्घटनाओं की संभावनाओं को लेकर सड़क सुरक्षा समिति सदस्यों द्वारा संयुक्त निरीक्षण उपरांत सुझाए गए बस स्टैंड-पुलिस कंट्रोल रूम-रजवाड़ा होटल- जिला पंचायत बाईपास मार्ग को सहमति प्रदान करते हुए भारी वाहनों के लिए गांधी चौक -गणेश चौक-डूंडा सिवनी मार्ग पर प्रवेश प्रतिबंधित किए जाने के आदेश जारी किए गए हैं।

जारी आदेश के परिपालन में भारी वाहन जैसे बस,ट्रक सहित सभी मालवाहक वाहन उक्त वैकल्पिक मार्ग से ही आवागमन कर सकेंगे।यातायात पुलिस को उक्त मार्ग में नियमानुसार वाहनों की न्यूनतम गति रखने के साथ-साथ यातायात संकेतों को लगाने के आदेश दिए गए हैं।